अप्रैल १९५६

मूल्य १२ आने

पयटन सम्बन्धी जानकारी के लिए इनसे पत्र-व्यवहार कीजिए.

१ रीजनल टूरिस्ट आफिसर,
१२३, क्वीन्स रोड,
चर्चगेट, बम्बई (फोन न० ३३१८५ और ३२४४६)

२ रीजनल टूरिस्ट आफिसर,
१४-१६, गवर्नमेण्ट प्लेस ईस्ट, एस्प्लेनेड मेन्शन्स,
कलकत्ता (फोन न० २३-२८१९)

३ रीजनल टूरिस्ट आफिसर,
८८, क्वीन्सवे, नई दिल्ली
(फोन न० ४२७४२ और ४८६४९)

४ रीजनल टूरिस्ट आफिसर,
३५, माउन्ट रोड, मद्रास,
(फोन न० ८६९९९ और ८६२४९)

५ टूरिस्ट रिसेप्शन एण्ड इन्फर्मेशन आफिसर,
गवर्नमेण्ट आफ इण्डिया टूरिस्ट आफिस,
दि बन्द, श्रीनगर (फोन न० ५४)

मार्ग-दर्शिका

पश्चिम बंगाल और आसाम

प्रकाशक

पर्यटन विभाग,

परिवहन मंत्रालय, नई दिल्ली

एक मणिपुरी नर्तकी

प्रस्तावना

"ताज महल" और अन्य प्रसिद्ध स्थानो को देखने के बाद भारत की यात्रा और सैर करने वाले यात्री के मन मे यह इच्छा उत्पन्न होनी स्वाभाविक है, कि अब "पूर्व की ओर चलो ।" किन्तु इससे यह न समझना चाहिए कि यह उस प्रदेश का निमत्रण है, जिसको बहुधा "रग बिरगा या छैला पूर्व" कहा जाता है । यह तो केवल पूर्वी भारत को देखने का आमत्रण है। पश्चिम बगाल और आसाम के दो राज्य पूर्वी भारत के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भाग है। अगले पृष्ठो मे इन दोनो का ही वर्णन किया गया है।

बगाली और आसामी बहुत सी बातो मे एक दूसरे से बहुत भिन्न है, परन्तु फिर भी दोनो मे अनेक समानताएँ है। दोनो उस प्रदेश की सन्तान है जिसकी भूमि अपेक्षाकृत मुलायम है। इस सामान्य सम्पत्ति का दोनो की सामान्य प्रवृत्ति और उनके चरित्र के निर्माण मे एक बहुत बड़ा हाथ है। इनके कारण इनकी प्रकृति मे मृदुता और कोमलता आ गई है। भारत के इस हिस्से में जो कुछ लिखा-पढा जाता है, जो कुछ बोला और सुना जाता है और जो कुछ किया जाता है, उन सब में यह बात पाई जाती है। इस भाग मे दो भाषाएँ बोली जाती है; बगला और आसामी। इन दोनो भाषाओ का मूल स्रोत एक है,—

भारतीय-आर्य भाषा। यह दोनो को एक करने वाला और जोड़ने वाला एक सामान्य तत्व है। एकता उत्पन्न करने वाले इस तत्व की अमिट छाप जनता की सस्कृति पर अकित है।

इस पार्श्वभूमि के साथ दोनो राज्यो को अलग-अलग देखना और समझना सरल होगा।

पश्चिम बंगाल

इतिहास

प्राचीन काल मे बगाल गौड, वग और बगाल जैसे अनेक नामो से प्रसिद्ध था। वेद के सूक्तो में बगाल का नाम नही आता। अत्यन्त प्राचीन काल की आर्य सभ्यता की जो सीमा शास्त्रो और स्मृतियो में लिखी है, बगाल उससे बाहर था। फिर भी यह एक सुसस्कृत सस्कृति का—सम्भवत मगोल और द्रविड सस्कृतियो के मेल से बनी सस्कृति का--केन्द्र था। अति प्राचीन काल में ही पश्चिम के आर्य ऋषियो और विद्वानो का ध्यान इधर आकृष्ट हुआ। साख्य दर्शन के रचयिता और साख्य मत के प्रसिद्ध सस्थापक कपिल मुनि का आश्रम सुन्दरवन के डेल्टा मे एक द्वीप के पास था। यह प्रसिद्ध है कि कपिल मुनि की सलाह से ही राजा भगीरथ स्वर्ग से गगा को भूमि पर लाये और इस दिव्य नदी को सागर तक ले गये। इस प्रकार बगाल के आध्यात्मिक और भौतिक जीवन में गगा का प्राचीन और ऐतिहासिक काल से विशेष महत्व है।

सिकन्दर के आक्रमण के समय वग के लोग 'गगारिदाई' या गगा प्रदेश के निवासी के नाम से प्रसिद्ध थे। मगध-साम्राज्य के उदय में, जो चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में अपने विस्तार और गौरव के शिखर पर पहुँचा हुआ था, इनका प्रमुख हाथ रहा है। महरौली के लोहस्तम्भ-लेख में वर्णित राजा चन्द्र का वग प्रदेश के लोगो ने सयुक्त होकर दृढता से मुकाबला किया। पर अन्त में ये लोग उस महान अज्ञात साम्राज्यनिर्माता द्वारा पराजित हुए। बगाल सम्राट् समुद्रगुप्त के विशाल साम्राज्य का एक भाग था।

ग्रीक इतिहासकारो ने 'गगारिदाई' सेना का बडे विस्तार से बडा रोचक वर्णन किया है। इस सेना मे ४,००० हाथी थे। हाथियो के इस बडे जमाव को देखकर वे बहुत प्रभावित हुए। उनके लिये यह एक सर्वथा नवीन बात थी। इसी प्रकार गुप्त सम्राटो के दरबार मे आये विदेशी लोग भी इन लोगो की नौका खेने की कला और कौशल देखकर मत्रमुग्ध रह गये। बगाल मे नौकाओ और किश्तियो का बहुत अधिक व्यवहार होता है। गुप्त सम्राट् के दरबारी लोगो के लिये यह एक अद्भुत बात थी। इस देश के एक महान कवि कालिदास ने अपने प्रसिद्ध महाकाव्य 'रघुवश' मे भगवान रामचन्द्र के परदादा रघु की दिग्विजय-यात्रा का वर्णन करते हुए बगाल का भी वर्णन किया है। इससे मालूम होता है कि कवि इस प्रदेश के प्रत्येक हिस्से और उसकी प्राकृतिक एव भौगोलिक अवस्थाओ और लोगो के जीवन से भलीभाँति परिचित था। भारत की दो महान शक्तिशाली और वेगवती नदियो—गगा और ब्रह्मपुत्र—और इनकी शाखाओ से सिंचित प्रदेश मे रहने वाले लोगो के सामुद्रिक और नौकानयन की दक्षता से कवि प्रभावित हुआ है और वह इसका वर्णन करना नही भूला है। बगाल के समुद्रतट मे दृष्टिगोचर होने वाला दृश्य भी उस की दृष्टि से नही बचा और महाकवि ने उसको अपनी अमरवाणी द्वारा पद्यो मे बांध दिया है।

बगाल के प्राचीन इतिहास का सबसे अधिक गौरवपूर्ण काल है—पालवशी राजाओ का शासन-काल। पालवशी राजा साहित्य और कला के प्रेमी और सरक्षक थे। यद्यपि उस समय उत्तर भारत के स्वामित्व के लिये पालवशी राजाओ, कन्नौज के गुर्जर-प्रतिहारो और दक्खिन के राष्ट्रकूटो के बीच त्रिकोणात्मक युद्ध चल रहा था, परन्तु फिर भी पालवशी नरेश समुद्रपार के देशो मे व्यापार बढाने और सामुद्रिक साहसिक कार्यों की ओर ध्यान देते रहे। इसी काल में बगाल के कलाकारो ने हिन्देशिया और हिन्दचीन के स्थापत्य और मूर्तिकला के

ढाँचे का निर्माण किया तथा वगाल के पण्डितो और विद्वानो ने हिमालय के हिम-मण्डित शिखरो को पार कर तिब्बत में भगवान वुद्ध का दिव्य सदेश पहुँचाया।

मुस्लिम विजेताओ ने देश के अन्य भागो के समान वगाल को भी जीता। पर दिल्ली के सुलतानो के राज्य मे वगाल कभी स्थायी रूप से नही रहा। वावर ने जव इस देश पर हमला किया तव इस भाग मे प्रसिद्ध वैष्णव सन्त चैतन्यदेव समता के सदेश का प्रचार कर रहे थे और विश्वास, प्रेम तथा भक्ति द्वारा मुक्ति पाने का मार्ग जनता को वता रहे थे। आपके अनुयायियो मे सैकडो मुसलमान भी थे।

मुगलो के जमाने में अकवर के एक सेनापति मानसिंह ने वगाल को जीता और यह प्रदेश भी मुगल साम्राज्य का एक भाग हो गया। सम्राट् औरगजेव के निवन के वाद एक मुस्लिम गवर्नर के अधीन वगाल लगभग स्वतत्र हो गया। वगाल का अन्तिम स्वतत्र शासक सिराज था। यह १७५७ मे प्लासी की लडाई में अग्रेजो से हार गया। इसके अपने ही साथियो और रिश्तेदारो ने इसके साथ विश्वासघात किया। इसकी पराजय का यह एक मुख्य कारण हुआ। उसके विश्वस्त और भरोसे के सेनापतियो मे हिन्दू सेनापति और जनरल थे। शाक्त मत के प्रसिद्ध ब्राह्मण पुजारी रामप्रसाद के भक्तिपूर्ण गीत नवाव को अत्यन्त प्रिय थे, और सारे देश मे यह वात मशहूर थी। नवाव सिराजुद्दौला का नाम आज भी वगाल के घर-घर मे प्रत्येक की जिह्वा पर है।

भारतीय पुनर्जागरण

वगाल मे पुनर्जागरण का प्रभाव विशेपत तीन भागो मे दिखाई दिया। भारत के जीवन पर भी सामान्य रूप से इसका वहुत कुछ प्रभाव पडा। इस समय जो तीव्र सास्कृतिक प्रवाह आया, और वाद मे उसका जिस रूप मे विकास हुआ, वह आधुनिक भारत की पार्श्वभूमि का एक आवश्यक अश और हिस्सा है। आज यह देश जिस सक्रमण काल में से गुजर रहा है, उसको ठीक-ठीक समझने और

उसका यथार्थरूप जानने के लिये उस सांस्कृतिक प्रवाह की मुख्य धाराओं का संक्षिप्त वर्णन करना यहाँ आवश्यक है।

बात कुछ विचित्र मालूम होती है, पर यह सच है कि भारत और पश्चिम के बीच मेल पहले-पहल साहित्य के माध्यम से हुआ। हिन्दू कालेज—अब प्रेसीडेंसी कालेज—१८२४ में स्थापित हुआ था। कुछ दिनों के वास्ते अंग्रेजी शिक्षा ने भारतीय ज्ञान-विज्ञान की शिक्षा को शिक्षा के क्षेत्र में ही बहिष्कृत कर दिया। शेक्सपियर और मिल्टन नये आन्दोलन के नेताओं के वरदायक देवता बन गये। किन्तु बंगाल के शिक्षित वर्ग ने इस सत्य को शीघ्र ही अनुभव कर लिया कि जनता अपनी भाषा में ही अपने आप को, अपनी आत्मा को भली भाँति प्रकट कर सकती है। फलत बंगला भाषा का जन्म हुआ। बंगला भाषा ने अनेक महान साहित्यिकों को उत्पन्न किया। एक को तो साहित्य का 'नोबुल पुरस्कार' भी मिला। बंगला भाषा के साहित्य ने अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य को भी प्रभावित किया। इस समय यूरोपीय पुरातत्वविद भी अपना खोज-कार्य कर रहे थे। इस खोज का सुखद परिणाम यह हुआ कि भारतीयों ने नवीन भारत को खोज निकाला। संस्कृत की शिक्षा का पुन प्रचार किया गया। जिस उत्साह के साथ अंग्रेजी को ग्रहण किया गया था उसी उत्साह और उमंग से संस्कृत को भी अपनाया गया। इसके साथ-साथ आधुनिक बंगला साहित्य का विकास हुआ। बंगला भाषा में अंग्रेजी भाषा के बहुत से शब्द, वाक्यांश, मुहावरे आदि घुल मिल गये हैं। ये लोगों की बोली में समा गये हैं। कोई भी यात्री बंगाली लोगों को आपस में बातें करते हुए सुनकर इसका अनुभव कर सकता है। बंगाली आपस में बातें करते हुए अंग्रेजी शब्दों का जिस मात्रा में और जिस संख्या में प्रयोग करते हैं, उसको सुन कर यात्री आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रहेगा।

नई शिक्षा का जो एक प्रभाव और हुआ, वह है मानवतावाद। यह बहुत व्यापक रूप में फैला हुआ है यद्यपि यह प्रत्यक्ष रूप से कम दिखाई

देता है। इसका मतलब है—पूर्व और पश्चिम का मिलन, प्राचीन और अर्वाचीन, नये और पुराने के बीच समन्वय और सम्मिलन। इन दोनो का सुन्दर सम्मिलन और इसकी हृदयग्राही अभिव्यक्ति, कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर की रचनाओ में हुई है। इस महान कवि के काव्यो, गीतो और अन्य रचनाओ में यह युग-सम्मिलन अपने सर्वोत्तम और सुन्दर रूप मे प्रगट हुआ है। कवीन्द्र रवीन्द्र से पश्चिमी जगत् पूर्णत परिचित है। परन्तु यह सम्मिलन सरलता से और अपने आप नही हो गया। इससे पहले भारी सघर्ष हुआ। यह माइकेल मधुसूदन दत्त के जीवन से प्रकट है। उन्होने इस विचार से कि उनको कोई भारतीय न कहे, ईसाई धर्म की दीक्षा ले ली। उन्होने केवल अग्रेजी में ही नही, वरन आधी दर्जन प्राचीन और नवीन यूरोपीय भाषाओ में कविताएँ लिखी, वगला भाषा और बगाल को हेय माना और प्रगट रूप से इसकी निन्दा की। परन्तु बाद को इसी महान कवि ने वगला मे पहली ऐतिहासिक कविता लिखी। इसके सौंदर्य और इसकी उच्चता तक बहुत ही कम कवि पहुँच पाये है। उसके सौंदर्य की समता कठिनाई मे ही हुई होगी, सभवत कभी नही।

नवीन पुनर्जागरण ने अब अपनी स्थिति दृढ कर ली है। आधुनिक भारत इसकी मानवीय उपज है। आधुनिक भारत को अपने अतीत एव प्राचीन गौरव पर अभिमान है। परन्तु युवा पश्चिम से नई चीज सीखने और लेने मे उसे कोई विरोध नही है। आज का भारत लोकतन्त्रा-त्मक गणतत्र है। भारतीय जनता धीरे-धीरे, पर निश्चयपूर्वक और दृढता से अपनी सब समस्याओ के प्रति धर्मनिरपेक्ष मनोवृत्ति धारण कर रही है। यह उसी मानवता के पौधे का फल है, जो कालेज स्क्वायर के एक मील के दायरे के अन्दर उस समय लगाया गया था।

परन्तु भारत में धर्मनिरपेक्षवाद कभी भी धर्महीनता का पर्यायवाची नही हो सकता क्योकि धर्म भारत के रोम-रोम मे, उसकी अन्तरात्मा में और हृदय तक मे समाया हुआ है। धर्म ने यहाँ अपने को

नूतन मानवतावाद के अनुकूल बना लिया है। इसका परिवर्तित रूप न केवल समाज सुधारक ब्रह्मसमाज के उदय और उसकी स्थापना मे दिखाई दिया, वल्कि हिन्दुत्व के पुनर्जन्म मे भी प्रगट हुआ आगे चलकर इस नवीन हिन्दू धर्म के तीन महान व्याख्याता हुए—पडित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, वकिमचन्द्र चटर्जी और स्वामी विवेकानन्द। 'कालेज स्क्वायर' मे विद्यासागर जी की प्रतिमा अवस्थित है। वगाल के जीवन और वगला साहित्य पर इनके प्रभाव की अमिट छाप पग-पग पर दिखाई देती है। इनका हिन्दू धर्म आत्मकेन्द्रित नही था, उसका आधार नैतिकता था, उसका लक्ष्य था आत्म-प्रकाशन, आत्म-अभिव्यक्ति, आत्म-विकास और आत्म-प्रसार, और उसकी शक्ति थी कमजोर पारलौकिक वातो को मानने से इन्कार करने मे। स्वामी विवेकानन्द ने अपने देशवासियो को प्रेरणा दी कि पश्चिम के सारतत्त्व को आत्मसात् कर लो, जज्ब कर लो और अपने मे मिला लो। उन्होने खुद वेदान्त का प्रचार करने और मानवता की सेवा के वास्ते 'रामकृष्ण सेवाश्रम' नामक सस्था का दुनिया भर मे जाल विछाया।

एक बडे राजनीतिक समझौते के फलस्वरूप पश्चिम वगाल राज्य की स्थापना १४-१५ अगस्त १९४७ की अर्द्धरात्रि को हुई। पहले जो वगाल था, वह दो हिस्सो मे वँट गया। पश्चिम वगाल का राज्य भारत गणतन्त्र का एक भाग बना और पूर्वी वगाल पूर्वी पाकिस्तान के नाम से पाकिस्तान का हिस्सा रहा।

पश्चिम वगाल राज्य के पूर्व मे आसाम और पूर्वी पाकिस्तान, दक्षिण मे वगाल की खाडी, पश्चिम मे विहार और उडीसा और उत्तर मे नेपाल और भूटान है। इसका क्षेत्रफल ३०,७७५ वर्गमील है। इसकी आवादी २ करोड ४८ लाख १० हजार है। इसकी वार्षिक आमदनी लगभग ३८ करोड रुपये है। प्राकृतिक दृष्टि से पश्चिम वगाल की भूमि समतल मैदान है, जिसमे जगह-जगह नदियाँ बहती है। दार्जिलिंग के पहाडो और जलपाईगुडी की सिनचुला पहाडियो के सिवाय सारे मैदान

मे और कही कोई पहाडी नही है। इसकी जनसख्या अत्यधिक सघन है। परन्तु इसकी शोभा निराली है। जिधर भी नजर उठाओ, उधर ही हरियाली-ही-हरियाली नजर आती है। नदियो, नालो और प्रवाहो के दोनो ओर ऊँचे पेडो की पक्तियाँ दूर तक चली गई है। बाँस के कुज गाँवो की शोभा बढा रहे है। गाँव सघन वृक्षो से ढँके से मालूम होते है और ये यात्री को मत्रमुग्ध कर देते है।

पश्चिम बगाल की मुख्य नदियो के नाम है,—हुगली, दामोदर, रूपनारायण और तिस्ता। तिस्ता नदी सिक्किम राज्य को सीचती हुई इस राज्य में आती है।

बगाल की खाडी से आर्द्र हवाएँ आती हैं। इसके कारण इस राज्य की जलवायु, विशेषत बरसात मे बहुत नम होती है किन्तु सर्दियो के मौसम मे, सितम्बर से फरवरी तक सारे राज्य में जलवायु बहुत आनन्ददायक होती है। इसी समय फसल कट कर घर में आती है और गाँव वाले बहुत प्रसन्न होते है। यही क्रिकेट और पोलो सदृश खेलो का मौसम है। इन्ही दिनो कला-प्रदर्शिनियो का आयोजन, नाटको का रगमच पर अभिनय आदि सास्कृतिक और मनोरजन के समारोह होते है। इस समय चारो ओर खुशहाली और प्रसन्नता ही दृष्टिगोचर होती है।

नदी घाटी परिकल्पना

पचवर्षीय योजना के अन्तर्गत बगाल और आसाम मे बहुत सी परिकल्पनाएँ आरम्भ की गयी है। इनमे से कुछ महत्वपूर्ण परिकल्पनाओ का वर्णन नीचे किया जा रहा है।

दामोदर नदी (३६८ मील लम्बी) छोटा नागपुर मे निकल कर बहती हुई पश्चिम बगाल मे आती है और हुगली नदी में मिल जाती है। दामोदर नदी का हुगली मे मेल हुगली नदी के समुद्र में मिलने मे कुछ पहले और कुछ ऊपर होता है। यह २,५०० वर्गमील भूमि को सीचती है। इसमे अचानक बाढ आने मे धन-जन का अपार नुकसान होता

था। दामोदर नदी घाटी परिकल्पना पर इस समय काम जारी है। इसकी व्यवस्था और इसके प्रबन्ध के लिये दामोदर घाटी निगम (अमेरिका की 'टी० वी० ए०' के समान एक स्वतन्त्र सगठन) है। इस परिकल्पना के पूरे हो जाने पर न केवल बाढो का आना बन्द हो जायगा, बल्कि इससे एक बडे इलाके की सिचाई भी होगी, जिससे उत्पादन भी और अधिक बढेगा। इसके साथ बडे परिमाण मे बिजली भी पैदा होगी और यह बिजली उद्योगो मे काम आयगी। पचवर्षीय योजना मे इसको प्राथमिकता दी गई है। जब यह पूरी हो जायगी, तब देश के इस भाग की बढती हुई जरूरते पूरी हो सकेगी। इस देश की आवश्यकता का अनुमान इस बात से सहज मे किया जा सकता है कि इस भाग मे ८३९ ३ व्यक्ति प्रति वर्गमील बसे हुए है। इतनी सघन आबादी देश के अन्य किसी भाग मे बहुत कम है। अमेरिकी पत्रकार मि० रेमाड स्विग ने इस विषय मे हाल ही मे लिखा है—"डी० वी० सी०' (दामोदर वैली कारपोरेशन) को पचवर्षीय योजना का मोती कहना सर्वथा उचित है। यह कोई अधिक आश्चर्य की बात नही कि इसने अपने आपको विश्व बैंक से कर्ज लेने के योग्य सिद्ध कर दिया है और अब इसको दूसरा कर्ज मिलने वाला है। साथ ही यह ससार मे सम्मान और प्रशसा पाने के भी योग्य है। यह योजना सर्वोत्तम रीति से प्रस्तुत की गयी है। इस कार्य से स्वाधीन जनता ने अपनी स्वतन्त्रता की नीव को दृढ और मजबूत बनाया है।" उत्पाती और विनाशक दामोदर नदी के जल को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से सात बाँध बाँधने की योजना बनाई गई है। इससे घाटी की बाढ से रक्षा हो सकेगी। दस लाख क्यूसेक पानी से घाटी का बचाव हो सकेगा। 'बोकारो बिजली घर कार्य कर रहा है। नहरो द्वारा हर साल ९९,००० एकड जमीन की सिचाई होगी। योजना के पूरी हो जाने पर जल सचय करने के वास्ते ८ सागर—'बाँध' तथा इसके साथ-साथ जल-विद्युत पैदा

कलकत्ता नगर
का
विहगम दृश्य

करने वाले स्टेशन होगे। इनकी शक्ति २,००,००० किलोवाट की होगी। इनसे प्रेपक (ट्रासमिशन) ग्रिड प्रणाली द्वारा बारहो मास बराबर बिजली मिलेगी। इसके अतिरिक्त दामोदर घाटी निगम को सिंद्री उर्वरक कारखाने के २५,००० किलोवाट की क्षमता के थर्मल स्टेशन से भी अतिरिक्त बिजली प्राप्त होगी। इस प्रकार पनबिजली तथा थर्मल बिजली की कुल मिली जुली शक्ति से ३,००,००० किलोवाट बिजली की माग की पूर्ति हो सकेगी। योजना के पूरी होने पर हजारो एकड जमीन की सिचाई हो सकेगी।

मयूराक्षी परिकल्पना में एक नीचा ईट-पत्थर का बाँध और पश्चिम बगाल में मयूराक्षी नदी के ऊपर एक बाँध शामिल है। इससे ७,५०,००० एकड जमीन की सिंचाई होगी और ४,००० किलोवाट बिजली उत्पन्न होगी।

कलकत्ता

"यह कोई छोटा-मोटा शहर नहीं है," जैसा कि इस शहर में रहने वाले एक अंग्रेज ने इसके विषय में कहा था। १९११ में दिल्ली के राजधानी बनाये जाने पर भी यह महानगरी सम्पूर्ण पूर्वी भारत की राजधानी बनी रही। भारत के इस भाग की यात्रा करने वाले यात्री के लिये कलकत्ता ही ऐसा स्थान है जहाँ से वह अपनी यात्रा आरंभ कर सकता है। यहाँ का हवाईअड्डा शहर से ७ मील दूर उत्तर में है। पूर्व और पश्चिम दोनों ओर जाने वाले विमान यहाँ ठहरते हैं। नदी के परले पार रेलवे का टर्मिनस (अन्तिम) स्टेशन है। यहाँ उपयोगी बन्दरगाह भी है।

कलकत्ते का बन्दरगाह

बन्दरगाह हुगली नदी के बाँए किनारे पर है। हुगली नदी गंगा नदी से निकली तीन धाराओं से मिलकर बनी है। बन्दरगाह नदी के मुहाने से लगभग ८० मील दूर है और 'सैंडहेड' स्थित 'वेस्टन चैनल लाइट वैसल' से १२६ मील दूर है। इस बन्दरगाह में माल आता और यहाँ से देश के दूर-दूर भागों में माल वितरित होता है। यह बन्दरगाह उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, पश्चिमबंगाल, उड़ीसा और आसाम तथा इसके साथ ही पूर्वी पाकिस्तान की सेवा करता है। यहाँ से हर साल लगभग ९० लाख टन माल जहाजों द्वारा देश-देशान्तर भेजा जाता है। यहाँ से भेजी जाने वाली चीजों में जूट, बोरे, चाय, कोयला, लोहा और इस्पात, कच्ची धातें, खाद्यान्न, पेट्रोल, लकड़ी, नमक आदि मुख्य हैं। सच तो यह है कि भारतीय संघ के समुद्री व्यापार का लगभग आधा व्यापार इसी बन्दरगाह द्वारा होता है।

पोर्ट कमिश्नरों की अपनी १०,८४०. मील लम्बी रेल है, और इसका संचालन भी वे ही करते हैं। यह रेल लाइन पूर्वी रेल के साथ सम्बद्ध है। नौकानयन में सहायता देने के लिये समुद्र से कलकत्ता तक हुगली की जल प्रणाली को जहाज के आने-जाने योग्य रखा जाता है।

शक्तिशाली ड्रेजरो द्वारा मिट्टी निकाल कर प्रणाली को सदा इस योग्य रखा जाता है कि उसमे जहाज आ-जा सकें। वन्दरगाह की व्यवस्था की देख-भाल पोर्ट कमिश्नर के अधीन है जिसकी स्थापना १८७० मे की गई थी। पचवर्षीय योजना के अन्तर्गत वन्दरगाह के अधिकारी इसके विस्तृत विकास की अनेक योजनाओ पर विचार कर रहे है। इन योजनाओ के पूरा होने के वाद औद्योगिक और व्यावसायिक दृष्टि से कलकत्ता का महत्व और भी अधिक बढ जायगा।

अन्य नगरो के मुकाबले मे कलकत्ता अभी एक नया शहर है। १६९० से पहले इस नगर की कल्पना भी नही की गयी थी। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के एक एजेण्ट जाव चारनाक ने इस स्थान को १६९० मे वसने और इम देश के लोगो के साथ व्यापार करने के लिये चुना।

कलकत्ता की सैर चौरगी मे शुरू करना ठीक होगा। यात्रारम्भ की दृष्टि से यह स्थान सर्वोत्तम है। यह शहर के मध्य में और काम-काज और कारोवार का अत्यधिक व्यस्त केन्द्र है। यही पर एशिया के कुछ सर्वोत्तम होटल, मिनेमा तथा रेस्तोराँ (उपाहार गृह) है।

कलकत्ता एक मार्वभौमिक शहर है। यहाँ दुनिया के सव देशो और भारत के मव राज्यो के लोग वमे हुए है। यह यात्री को कलकत्ता में पहुँचने ही मालूम हो जाता है। किमी भी दिन इमकी सडको, गलियो और राजपथो पर मव तरह के सव देशो के लोग आते-जाते हुए दिखाई देते है। माधारणत लोगो की वेश-भपा यूरोपीय ढग की है, पर ये लोग ववई, मद्रास, पजाव, वर्मा और चीन जैमे विभिन्न स्थानो के होते है। वेश-भूषा की मदृशता और एकरूपता भी उनके उद्भव की विभिन्नता को छिपा नहीं पाती। यहाँ शाम और रात्रि के आमोद-प्रमोदो की भी कमी नही है। रात्रि-क्लवे यहाँ वहुत है। यूरोप खण्ड के 'कंवरे' कलाकार उन क्लवो मे प्राय अपनी कला का प्रदर्शन करते रहते है।

चौरंगी की एक गली का दृश्य

'नीओन' गैस की रोशनी से रोशन दूकानें, होटल, रेस्तोरां (उपाहारगृह) राह चलते लोगों का ध्यान बरबस अपनी ओर खींचते हैं। शहर के विभिन्न भागों में हर शाम को नर-नारी इनमें आते हैं। पटरियाँ सदा जनाकीर्ण रहती हैं। होटलों के घेरों में किताबों की दूकानें हैं जिनमें विविध प्रकार का साहित्य मिलता है।

चौरंगी के सामने 'ऑक्टरलोनी' है। १६५ फुट ऊँचा यह एक प्रभावशाली स्मारक है। ऑक्टरलोनी एक ब्रिटिश जनरल था जिसने अनेक युद्धों में बहादुरी दिखाई और नाम कमाया था। उसी जनरल का यह स्मारक है। इसकी गैलरियों से कलकत्ते का बड़ा सुन्दर दृश्य दिखाई देता है। इसके बारे में ख्याल किया जाता है कि इसका आधार मिस्री ढंग का है, इसके खम्भे सीरियाई प्रणाली के हैं और इसका गुम्बज

तुर्की शैली का है। इस स्मारक के सामने एक खुला विस्तृत 'मैदान' फैला हुआ है।

मैदान

मैदान लगभग दो मील लम्बा और एक मील चौडा है। इसके असंख्य पेडो की छाया मे प्रातःकाल और सायकाल नर-नारी बडी संख्या में जमा होते है। शोर-शराबे से दूर हट कर धीरे-धीरे टहलना, शान्ति के साथ चहल-कदमी करना यहाँ सम्भव है। हरी-हरी घास पर जब कोई चाहे टाँगे पसार कर बैठ कर आराम कर सकता है। हरेक यात्री एकान्त लाभ का इच्छुक होता है।

फुटबाल खेलने के सब क्रीडा-क्षेत्र इस मैदान के अहाते के ही अन्दर है। मैदान का एक भाग 'ब्रिगेड परेड ग्राउण्ड' के नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ पर फौज और पुलिस की विशेष अवसरो पर परेड होती है। मैदान में अक्सर सार्वजनिक भाषण और व्याख्यान भी होते है। इसको कलकत्ते का 'हाईडपार्क' कहा जा सकता है।

पूर्व इतिहास

जाब चारनाक के आने से बहुत पहले यहाँ तीन गाँव थे—सूतानटी, गोविंदपुर और कलिकाता। ये गाँव दलदल और जगलो से ढके थे। कलिकाता से इसका नाम कलकत्ता पडा।

कलकत्ता जिस नदी के किनारे पर बसा हुआ था, वह पर्याप्त गहरी थी और समुद्रगामी जहाज इसमे आ-जा सकते थे। जलमार्ग द्वारा उत्तरी भारत के साथ यातायात आशा के अनुरूप ही था। वही सिन्धुगगा का समृद्ध मैदान था।

१६९५ मे एक हिन्दू सरदार ने बगाल के नवाब के विरुद्ध विद्रोह किया। अग्रेजो को, जो इससे पहले ही व्यापार करने की रियायते पा चुके थे, अपने बचाव और अपनी प्रतिरक्षा के वास्ते इन्तजाम करने की भी अनुमति मिल गई। अगले चार सालो में एक किला बनाया गया। इस किले का नामकरण विलियम तृतीय के नाम पर किया

गया। यह किला उस जगह बनाया गया था जहाँ आज 'जनरल पोस्ट आफिस' और ईस्टर्न रेलवे हाउस है। इस प्रकार यह नीव केवल प्रतिरक्षात्मक किले की ही नही, बल्कि एक महान और बराबर फैलने वाले साम्राज्य की भी नीव थी।

किला १७७३ मे बन कर तैयार हुआ। इसके बनाने मे २० लाख पौंड खर्च आया। किले के चारो ओर के जगल साफ कर दिये गये। इससे न केवल 'मैदान' ही निकला, वरन् चौरगी और उससे पूर्व मे सुआयोजित और साफ-सुथरे निवास-गृह और दूकाने भी स्थापित हो गई। "साउथ आफ पार्क स्ट्रीट" को आज बहुत ही अजीब दृष्टि से देखा जाता है। इसका सम्बन्ध उस समय से है जब अग्रेज नदी के पास से उठकर उन्ही दिनो साफ की गई जगह पर बसने के लिये शहर के अन्दर चले गये थे। यह 'मैदान' ही है जो शहर के इस भाग को बसने के योग्य इतना सुन्दर बनाता है। इस इलाके के बहुत से 'बोर्डिंग हाउसो' (निवास और भोजन के स्थान) और चम्मरियो (जहाँ बहुत-से लोग एक जगह रहते और एक मेस मे खाते है) मे केवल वे ही अग्रेज नही ठहरते जो भारतीय जीवन बिताने के लिए यहाँ बस गये है, बल्कि आकस्मिक आने वाले यात्री भी ठहरते है। "पार्क स्ट्रीट" खरीद-फरोख्त की दृष्टि मे भी एक बहुत बडा केन्द्र है।

विक्टोरिया स्मारक

'विक्टोरिया स्मारक' बनाने का विचार भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन ने किया। इसका आलेखन (डिजाइन) शिल्प शास्त्री सर विलियम एमरसन ने तैयार किया था। इसकी इमारत पर सारसेनिक शैली का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। १९२१ मे इसका उद्घाटन प्रिंस आफ वेल्स (अब ड्यूक आफ विंडसर) ने किया। दक्षिण कलकत्ता मे यह एक बडी और मुख्य इमारत है। बगाल मे शिल्प और वास्तुकला की दृष्टि से आकर्षण का यह एक मुख्य केन्द्र है। इसका एक कारण है कि बगाल की जमीन की मिट्टी कोमल और

विक्टोरिया स्मारक, कलकत्ता

कछारी है और ऊँची तथा बडी इमारतो के वास्ते यहाँ दृढ आधार साधारणत नही मिलता। यहाँ पर भारतीय इतिहास, विशेपत विक्टोरिया-युग के इतिहास की सामग्री का वटी मात्रा मे सकलन किया गया है।

'रायल गैलरी' मे चित्रो का मग्रह है जिनमे रानी विक्टोरिया के जीवन की विभिन्न घटनाओ का चित्रण किया गया है। ये चित्र राजा एडवर्ड सप्तम द्वारा भेट किये गये थे। गुम्वज के नीचे 'क्वीन हाल' जाते हुए विक्टोरिया की मूर्ति दिखाई देती है जो सर टामस ब्रौक आर० ए० की वनाई हुई है। विक्टोरिया की प्रतिमा उस अवस्था की है, जब कि वह १८ साल की आयु मे राजसिंहासन पर वैठी थी।

इस सारे भवन की प्रधान वस्तु यही है। इसके बाँई ओर दरबार हाल है। निस्सन्देह सारी इमारत में यह सबसे अधिक सुन्दर है। चित्र-गैलरियों में भारतीय दृश्यों को चित्रित करने वाले चित्र आदि हैं। ये चित्र रानी मेरी द्वारा भेंट किये गये थे। जोहन जोपफेनी आर० ए० (१७३३–१८१०) के काफी चित्र यहाँ हैं—जैसे "एम्बेसी आफ हाइडर बेक", "टाइगर हण्ट नियर चन्दननगर", "क्लाउड मार्टिन एण्ड हिज फ्रेंड्स" और "लार्ड कार्नवालिस रिसीविंग दी सन ऑफ टीपू साहिब"। गुम्बज की भीतरी गैलरी में शोभा बढ़ाने वाले भित्ति-चित्र दिखाई देंगे। साथ के हिस्से में ऐतिहासिक रिकार्डो और फारसी की पाण्डुलिपियों का एक बड़ा संग्रह है। यह प्राचीन इतिहास-प्रेमियों के लिये बड़े काम का है।

'स्मारक' सोमवार को छोड़ कर प्रतिदिन खुला रहता है। यह अप्रैल से अक्तूबर तक प्रातः १० बजे से शाम ५ बजे तक और नवम्बर से मार्च तक प्रातः १० बजे से शाम ४ बजे तक खुला रहता है। अन्दर जाने के लिए ७ साल से कम बच्चों से २ आना और वयस्कों से ४ आना प्रवेश शुल्क लिया जाता है। शुक्रवार को यह शुल्क दुगुना हो जाता है।

राष्ट्रीय पुस्तकालय

मैदान के दक्षिण-पश्चिम में 'बेलवेडियर' है। पहले यह वायसराय का अस्थायी निवासस्थान था। अब यहाँ राष्ट्रीय पुस्तकालय है। १९५३ में इसकी स्वर्णजयन्ती मनाई गई थी। पुस्तकालय में एक सुन्दर वाचनालय है। इस पुस्तकालय में लगभग ८० लाख पुस्तकें हैं।

रेस कोर्स

इसी दिशा में 'रेस कोर्स'—घुड़दौड़ का मैदान—है। पूर्व के सर्वोत्तम घुड़दौड़ के मैदानों में से यह एक है। यह १८१९ में बनवाया गया था। 'रायल कलकत्ता टर्फ क्लब' की ओर से घुड़दौड़ हर साल साधारणतः नवम्बर और मार्च के बीच तथा जुलाई और सितम्बर के बीच होती है।

फोर्ट विलियम

विलियम तृतीय के नाम पर इस किले का नाम 'फोर्ट विलियम' रखा गया है। इसमे १०,००० सैनिक रह सकते है। इसके अन्दर इसका अपना गिर्जाघर, तैरने की जगह, सिनेमा, चाँदमारी की जगह, परेड का स्थान और फुटवाल खेलने के मैदान, वाक्सिग स्टेडियम, डाक-तारघर और वाजार हैं। इसका तोपखाना देखने योग्य है। इसके लिये किले के प्रधान अफसर से इजाजत लेना आवश्यक है। यहाँ से थोडी ही दूर पर फुटवाल खेलने के मैदान है जहाँ खेल देखने के लिये गर्मियो मे वडी भीड जमा होती है।

राजभवन

राजभवन का निर्माण १८०१ में हुआ था। २० लाख रुपये के व्यय मे इसे लार्ड वेलेजली ने वनवाया था। यह डर्वी शायर, इग्लैड के 'केड्लेस्टन हाल' के ढग पर बनाया गया है। इसमे एक राजसिहासन का कमरा है। इसका यह नाम इसलिए पडा कि इस कमरे में टीपू सुलतान का राजसिंहासन रखा हुआ है। इसमें कलापूर्ण वस्तुओ का सुन्दर सग्रह है। इसमें आने के लिये चार सुन्दर प्रवेशद्वार बने हुए है। इसके पास ही राज्यविवान सभा का भवन और हाईकोर्ट की इमारत है। यह इमारत १८७२ में "वाइप्रेस" टाउन हाल के ढग पर वनाई गई थी।

आचलिक पर्यटन कार्यालय

राजभवन के पूर्व मे १३, ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट पर आचलिक पर्यटन कार्यालय है। यही पर रेलवे रिजर्वेशन आफिस—रेलगाडी में जगह सुरक्षित कराने का दफ्तर—है। पर्यटन कार्यालय आवश्यक जानकारी देने योग्य सव प्रकार की स।मग्री मे पूर्ण है। यहाँ पर्यटन, चुगी तथा रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी सब आवश्यक सूचनाएँ मिलती है। यहाँ पर्यटक यदि चाहे तो विश्वसनीय पथ-प्रदर्शक भी पा सकता है। कलकत्ता

राजभवन कलकत्ता

पहुचने पर यदि पर्यटक एक बार यहां हो ले, तो वह बहुत-सी असुविधाओं और कठिनाइयों से बच जाय।

डलहौजी स्क्वायर

गवर्नमेंट हाउस (अब राजभवन) से परे डलहौजी स्क्वायर का इलाका है। कारोबार और व्यवसाय की दृष्टि से कलकत्ता का यह सबसे बड़ा केन्द्र है। कोई ऐसा बड़ा बैंक नहीं जिसकी यहां शाखा न हो। कोई ऐसा व्यापारिक उद्यम नहीं, जिसका शहर के इस भाग में दफ्तर न हो। इसके मध्य में अवस्थित तालाब ने इसको मानवीय रूप दे दिया है जो शायद और किसी तरह सम्भव न होता। इसे

पानी में न केवल 'राइटर्स विल्डिग' की प्रतिछाया दिखाई देती है, वल्कि सेंट्रल टेलीफोन एक्सचेंज की भी प्रतिछाया दिखाई देती है। राइटर्स विल्डिग उत्तर में है जिसमें पश्चिम वगाल सरकार के दफ्तर है। सेट्रल टेलीफोन एक्सचेज दक्षिण मे है। पश्चिम मे जनरल पोस्ट आफिस और कुछ व्यवसायो की इमारतें है। राइटर्स विल्डिग से परे 'कलकत्ता स्टाक एक्सचेज' का कार्यालय है।

काम-काज के घटो में यहाँ वहुत शोर होता है। इस शोरशरावे में यह कौन सोचता है कि कभी इस इलाके में नवाव लोग रहते थे। आज जहाँ वगाल चेम्वर्स आफ कामर्स का जिसने १९५३ में अपनी शताव्दी मनाई, दफ्तर है। वहाँ क्लाइव रहता था। यही क्यो, आज इस वात की कौन फिक्र करेगा कि इस सडक के परले पार एक थियेटर था, जहाँ हेस्टिंग्स का शाही दरवार लगता था।

नाखुदा मस्जिद

उत्तर की ओर और आगे वढने पर शोर और अधिक वढता जाता है क्योकि यहाँ फुटकर सौदागिरी अधिक होती है। तग चितपुर रोड पर यदि आगे वढा जाय, तो कुछ दूर जाने पर नाखुदा मस्जिद आती है। कलकत्ता के मुसलमानो का यह वहुत पुराना पूजा-स्थान है। इस राह मे धीमी चाल से चलती हुई ट्रामवे, वैलगाडियाँ और विश्राम करते हुए साड दीखते है जो राह पर चलते हुए राही को चुनौती देते हुए प्रतीत होते हैं। नाखुदा मस्जिद के प्रार्थना-भवन में १०,००० लोग एक साथ वैठ सकते है। यह इमारत वडी शानदार और भारत-सारसेनिक शिल्प का एक आवुनिक नमूना है। इसकी गुम्वज भव्य और शानदार है और इसकी दो मीनारें १५१ फुट ऊँची हैं। पर्यटक को यहाँ अदन और पोर्ट सय्यद के जैसे वाजार दिखाई देते है। इस सडक के उत्तरी छोर पर वह घर आज भी मौजद है, जहाँ कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म हुआ था।

कलकत्ता विश्वविद्यालय

कलकत्ता को और अधिक नजदीक से देखने के लिए पर्यटक को कुछ पूर्व की ओर जाना चाहिए। चौरंगी के साथ शहर के इस भाग को मिलाने वाली सड़क अनेक नामों से पुकारी जाती है। इस सड़क का उत्तरी छोर का भाग कार्नवालिस स्ट्रीट के नाम से प्रसिद्ध है। मध्य भाग को कालेज स्ट्रीट और मध्य के निकटस्थ भाग को विलिंगडन स्ट्रीट कहते हैं। यहाँ भी पहले मध्य में अर्थात् कालेज स्ट्रीट में चलना ठीक रहेगा क्योंकि कालेज स्क्वायर के सामने ही कलकत्ता विश्वविद्यालय है। इसका सीनेट हाउस बड़े-बड़े खम्भों के सहारे खड़ा है। यह १२० फुट X ६० फुट का एक बड़ा हाल है जहाँ उपाधियाँ देने के लिये दीक्षांत समारोह होते हैं। इसके दालान के ऊपर की खुली छत छः ऊँचे-ऊँचे खम्भों पर टिकी हुई है। दालान में कानून के प्राध्यापक पद के प्रवर्तक श्री प्रसन्न कुमार ठाकुर की संगमरमर की प्रतिमा बनी हुई है। इसके साथ ही सटा हुआ लॉ कालेज, विश्वविद्यालय का पुस्तकालय और कला का अजायबघर है। विश्वविद्यालय से आगे उत्तर में प्रेसीडेंसी कालेज है जो वास्तुकला और शिल्प की दृष्टि से ही नहीं, वरन् ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। यही वह स्थान है, जहाँ देश भर में सबसे पहले अंग्रेजी की शिक्षा का आरम्भ हुआ था। इसकी नई इमारत की आधारशिला सर जार्ज कैम्पबेल ने १८७२ में रखी थी।

पश्चिम के सम्पर्क का जो परिणाम हुआ, उसको १९वीं शती का पुनर्जागरण कहा जाता है। एक नवीन संस्कृति का जन्म हुआ जिसने बहुत कुछ विदेशों से ग्रहण किया और साथ ही देश की उन सफलताओं को पुनः जीवन-दान दिया, जो लुप्तप्राय हो गयी थीं। एक अर्थ में यह कहा जा सकता है कि भारत ने अपनी आत्मा को पुनः ढूंढ लिया और विद्वान् वर्ग ने अपने अतीत के गौरव के पुनर्निर्माण का काम आरम्भ किया।

कालेज स्क्वायर के पूर्व में 'महाबोधि सोसाइटी' की कलकत्ता शाखा

जैन मदिर, कलकत्ता

का हाल है। 'महाबोधि मोसाइटी' एक विश्व-सगठन है और इसका उद्देश्य बौद्ध सस्कृति का प्रचार करना है। दक्षिण-पश्चिम में लगभग एक मील दूर प्रसिद्ध 'मारबल पैलेस' है। यह १२ एकड से अधिक भमि में है। इसमे अनेक मुन्दर और कलापर्ण उद्यान है। जगह-जगह प्रतिमाएँ बनी हुई है। इसमे कई एक पक्षीशालाएँ भी है। यह 'पैलेम' वस्तुत कला का एक अनमोल खजाना है। इसमे रूबेन, सर जोशआ रेनाल्ड और अन्य प्रसिद्ध चित्रकारो के चित्र सुरक्षित है।

शहर की पूर्वी मीमा पर मियालदा स्टेशन है। यह ईस्टर्न रेलवे का टर्मिनस है। यह लोअर सर्क्युलर रोड पर है जिसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह सडक शहर के एक बडे भाग को उत्तर से दक्षिण

तक घेरे हुए है। यह सड़क मोटे तौर पर मराठा खाई के साथ-साथ चलती है जिसका निर्माण ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने १७वी शती मे उस समय किया था जब कलकत्ता शहर पर मराठो के हमले होने का भय हर क्षण बना रहता था। पर जब बगाल के नवाब और मराठो के बीच सन्धि हो गई, तब इस खाई का बनाना रोक दिया गया। अपर सर्क्युलर रोड पर उत्तर मे यूनिवर्सिटी साइंस कालेज है जिसमे अन्य वैज्ञानिको के अतिरिक्त एक समय भारत के महान वैज्ञानिक श्री सी० वी० रमन भी अपनी सेवाएँ अर्पित कर चुके है। इससे और उत्तर मे बोस रिसर्च इंस्टिट्यूट है। यही पर प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा० जगदीशचन्द्र बोस ने अपनी वैज्ञानिक खोजे की थी। इससे कुछ पश्चिम मे बद्रीदास टेम्पेल स्ट्रीट मे प्रसिद्ध जैन मन्दिर है। यह मन्दिर कला और शिल्प की दृष्टि से अद्वितीय है। इसकी रग-बिरगी पच्चीकारी का काम देखते ही बनता है। इस मन्दिर का निर्माण १८६७ मे हुआ था। इसके चारो ओर का बाग कलकत्ता के सुन्दरतम बागो मे से एक है।

दक्षिण की ओर यदि फिर जायें और पार्क स्ट्रीट के पूर्वी छोर पर पहुंचे तो वहाँ कलकत्ता का एक और ही रूप दिखाई देगा। यहा एग्लो-इण्डियनो और मुसलमानो का बाहुल्य है यद्यपि यह इलाका शेष शहर से कुछ अलग है। इस स्थान के लोगो की उदारता, उनका विस्तृत दृष्टिकोण और उनकी व्यापक मानवता की भावना उस समय स्पष्ट रूप से दिखाई पडती है, जब ये एक दूसरे के धार्मिक उत्सवो, पर्वो और समारोहो मे भाई-भाई के समान भाग लेते है।

'पार्क सरकस' में दो प्रसिद्ध श्मशान है। यहाँ जिन लोगो को दफनाया गया है, उनमे लैटर्स रोज एलीमर और कवि माइकेल मधुसूदन दत्त भी है। इन कब्रिस्तान की शान्ति पश्चिम के ओर के इलाके पर भी व्याप्त है जहाँ यूरोपीयो के मकान बने हुए है।

'पार्क स्ट्रीट' और 'लोअर सर्क्युलर रोड' के बीच के इलाके मे बहुत से घर और मकान जार्जियन शैली के अनुसार ईस्ट इंडिया

कम्पनी के जमाने के बने हुए है। इनमे से मिडिलटन रोड पर बना हुआ गिर्जाघर पुराना है। शहर का यह भाग बडा आनन्ददायक है। 'कैमेक स्ट्रीट' और इसके साथ की सडको पर छायादार वृक्ष लगे हुए] है। अप्रैल से सितम्बर तक इन पेडो मे फूल खिले रहते है। उस समय इनकी शोभा और सुपमा अवर्णनीय होती है।

सेंटपाल का गिर्जा

चौरगी की ओर फिर से लौटते समय दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए दायी ओर के मैदान की सुन्दरता किसी को भी आकर्पित किये विना नही रहेगी। मैदान के दक्षिण-पूर्वी छोर पर 'सेंटपाल गिर्जा' है। यह १८४७ में खुला। यह २४० फुट लम्बा और ८० फुट चौडा है। इसके विस्तृत आँगन में लगी हुई अनेक तख्तियाँ ब्रिटिश भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय का स्मरण दिलाती है। एक तख्ती पर ६८वी वगाल रेजीमेण्ट के सात अफसरो के नाम लिखे है जो "देशी सेना के गदर और इसके वाद १८५७ मे १८५९ तक हुई मुठभेडो में मारे गये थे।" इनमें विलियम मेकपीस थैकरे के चचेरे भाई की भी एक तख्ती है। इस तख्ती का लेख विक्टोरिया काल के प्रसिद्ध उपन्यासकार द्वारा ही लिखा हुआ है।

अजायवघर

वाँई ओर की इमारत में 'वगाल क्लव' है। यह कभी मैकाले का निवासस्थान था। कलकत्ता के इस भाग का केन्द्रस्थल सम्भवत भारतीय अजायवघर है जो पार्क स्ट्रीट के उत्तर में है। शिल्प और कला की दृष्टि से तो यह नगण्य है किन्तु इसके भीतर वहुत सी मनोरजक, दिलचस्प और दर्शनीय वस्तुएँ हैं। इसकी गैलरी में भारतीय इतिहास के विविध रूप चित्रित है। इसमें जहाँ प्राग्-ऐतिहासिक काल का हाथी है, वहाँ वौद्ध अशोक और हिन्दू समुद्रगुप्त की भी मूर्तियाँ है। इस अजायवघर मे सर्दियो के मौसम में अनेक प्रदर्शनियाँ

हुई है। इनमें से एक प्रदर्शनी "एकेडेमी आफ फाईन आर्ट्स" की ओर से भी हुई थी।

कालीघाट

दक्षिण की ओर आगे बढने पर कलकत्ता शहर की आबादी का एक-छठा भाग और आ जाता है। इसी भाग मे भवानीपुर और कालीघाट भी है। कालीघाट का मन्दिर कितना पुराना है, यह बताना कठिन है, किन्तु इसको जितना प्राचीन और पुराना बताया जाता है, उतना शायद यह नही है। इसमे उन भक्तो की भक्ति में कोई अन्तर नही आता जो वहाँ रोज प्रात और साय हजारो की सख्या मे जाते है। विशेष अवसरो पर तो लाखो की सख्या मे लोग यहाँ एकत्र होते है।

इससे और दक्षिण में 'केवडातला घाट' है। यह हिन्दुओ का श्मशान स्थल है। यहाँ हिन्दू अपने मृतको को विधिपूर्वक जलाते है।

बालीगज

पश्चिम की ओर बालीगज है। यह बस्ती हाल ही मे बसी है। यहाँ उच्च मध्यम वर्ग के बगाली समाज की प्रधानता और बहुलता है।

शहर का यह भाग उत्तरी छोर पर बसी बस्ती के मुकाबले कम घना बसा हुआ है। इस इलाके मे विस्तार के लिये भी गुजाइश है। पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थी भी दक्षिणी भाग मे बसे है और इस कारण इस इलाके का अब विकास हो रहा है।

सिरेमिक रिसर्च इस्टिट्यूट

टालीगज में पिछले पाँच सालो मे शरणार्थियो की बहुत-सी बस्तियाँ बस गई है। यही 'रेस कोर्स' (घुडदौड का मैदान) और 'गोफ क्लब' है। जादवपुर मे बेढगे मकानो के बीच 'नेशनल सिरेमिक रिसर्च इस्टिट्यूट" की अकेली शानदार इमारत है। अब तक बेकार पडी जमीन पर शरणार्थियो ने छोटा सा कस्बा बना लिया है। उसको देखने के लिये जाना विस्थापितो के अदम्य साहस के प्रति श्रद्धाजलि अर्पित करना है। उन्होने प्रतिकूल परिस्थितियो मे भी हिम्मत नही छोडी, यह उनके लिये कम गौरव की बात नही है।

चिड़ियाघर

कलकत्ता का एक भाग और है जो अलीपुर और खिदिरपुर के नाम से प्रसिद्ध है। अलीपुर मे "जूआलौजिकल गार्डन" (प्राणी विज्ञान सम्बन्धी उद्यान) है। यहाँ चिडियाघर भी है। वनस्पति विज्ञान मम्वन्धी उद्यान भी यही है। इसमे ग्रीष्मप्रधान देशो के जैसे दुर्लभ पेड-पौधे है, जो अन्यत्र मिलने सम्भव नही। 'जुआलौजिकल गार्डन' की ओर ही अन्तरिक्षविज्ञान विभाग की 'अलीपुर वेधशाला' भी है।

जैसा कि पहले ही वताया जा चुका है बेलवेडियर के, जहाँ आजकल राष्ट्रीय पुस्तकालय है, प्रवेश द्वार के पश्चिम में वह स्थान है, जहाँ वारन हैस्टिंग्स और फिलिप फ्रासिस (पुस्तक-प्रेमियो के लिये 'जूनियस') के वीच १७८० मे द्वन्द-युद्ध हुआ था और उसमे फिलिप फ्रासिस जख्मी हुआ था। 'रेसकोर्स' के दक्षिण-पश्चिम में टाली के नाले के ऊपर एक पुल वना हुआ है। इस पुल पर से होकर वाटगज जाया जा सकता है। इसका यह नाम कर्नल हेनरी वाट्सन के नाम पर पडा है। यह हैस्टिंग्स के साथ द्वन्द-युद्ध करने वाले फ्रासिस का सहायक था। इसने ही १७८० में यहाँ गोदियाँ स्थापित की। वाद में इनको कर्नल किड के दो लडको ने खरीद लिया जिन्होने साथ के 'डाकयार्ड' और खिदिरपुर को अपना ही नाम दिया।

हुगली का नदी-तट

यहाँ पहुँच कर हुगली नदी के किनारे-किनारे घूमना या मोटर में सैर करना कम मनोरजक न होगा। 'गार्डन रीच', और 'नेपियर रोड' या 'न्यू स्ट्राड रोड' की राह से, जो पोर्ट ट्रस्ट रेलवे के समानान्तर है, यहाँ पहुँचा जा सकता है। नदी के तट पर अनेक घाट वने हुए है। नदी की ओर से ठण्डी-ठण्डी हवा आ रही होती है। चौडी सडक के दोनो ओर वृक्षो की पाँति लगी हुई है। वृक्षो की छाया के वीच होते हुए हुगली की लहरो को छूकर आयी हुई ठण्डी हवा जव शरीर को स्पर्श करती है, तव हृदय पुलकित और उल्लसित हो जाता है। सामने नदी में किश्तियाँ, नौकाएँ, वजरे, छोटे स्टीम लाच, और आधुनिक वडे-

हावड़ा का पुल

बडे पोत पास-पास खडे जल की तरगो पर थिरक रहे होते हैं। यदि बांयी ओर नजर उठाकर कोई देखे तो उसको मालूम होगा कि प्रकृति ने भूमि काट-काट कर और नदी-प्रवाह के साथ आई रेत और मिट्टी ने कितना नुकसान पहुँचाया है और इसके मुकाबले जब वह दायी ओर देखेगा तो मालूम होगा कि प्रकृति से युद्ध करके उस पर विजय पाकर मानव क्या करने मे समर्थ हुआ है। इसमे उत्तर की ओर जाने पर दूर बनी शानदार इमारतो और भवनो का मनोहारी दृश्य दिखाई देता है। ये भवन वे ही हैं जिनका हम पीछे वर्णन कर आये हैं। सारी राह मे यात्री को पग-पग पर यह अनुभव होगा कि कलकत्ता का बन्दरगाह कितना बड़ा है, यहाँ हर क्षण कितना अधिक काम होता है और यहाँ लोग कितने अधिक व्यस्त रहते हैं।

शाम के समय हुगली का दृश्य बडा मनोहर होता है। नदी के दोनो ओर सैकडो जूट मिलें हैं। देखने मे यद्यपि ये सुन्दर नही लगती

पर लाभदायक अवश्य है। भिन्न-भिन्न आकार की नावो से जूट की गाँठो का उतारा जाना वडा आकर्पक होता है। जूट उद्योग देश का एक वडा उद्योग है और डालर-अर्जन का यह सबसे वडा स्रोत है। लगभग सारा जूट देश के उत्तरपूर्वी भाग में पैदा होता है। जूट उद्योग अव पुरानी मशीनो और पुराने सयत्रो की जगह नये सयत्र लगाने का विचार कर रहा है। कलकत्ता बन्दरगाह से निर्यात होने वाली अन्य चीजें है—चाय, कोयला, लाख और मैंग्नीज।

वोटेनिकल गार्डन

हावडा के रेलवे-स्टेशन का जिक्र पहले ही किया जा चुका है। यहाँ से कुछ दर्शनीय स्थान नजदीक है। अत यहाँ से वहाँ जाना अच्छा है। वोटेनिकल गार्डन्स (वनस्पति शास्त्र सवधी उद्यान) की स्थापना १७८६ में शिवपुर में की गई थी। यह हावडा से २$\frac{1}{2}$ मील दूर है। वनस्पति शास्त्री यहाँ पहुँच कर निस्सदेह सबसे पहले 'हरवेरियम

वोटेनिकल वाग में वरगद का पेड

(जटी-बूटी सग्रहालय) जाना पसन्द करेंगे। यहाँ पर चालीस हजार किस्म की सूखी जडी-बूटियाँ रखी हुई हैं। इस बाग के सुपरिन्टेन्डेन्ट के निवास-गृह के पास ही 'बोटेनिकल लाइब्रेरी (वनस्पति-शास्त्र सबधी पुस्त-कालय) है। वनस्पति शास्त्र के विद्वानो के लिए यह पुस्तकालय बडा उपयोगी है। परन्तु साधारण यात्री सीधा बरगद के पेड के नीचे पहुँचता है। यह पेड असाधारण रूप से विशाल और ऊँचा है। इसकी परिधि १,००० फुट से ऊपर है और यह ८८ फुट से अधिक ऊँचा है। १९२५ में इसका बीच का तना निकाल दिया गया था। इसका उद्देश्य शेष भाग को बचाना था। बाग बडा उत्तम है। यहाँ लोग वन-भोज, विहार और आमोद-प्रमोद के लिए बडी सख्या मे प्रतिदिन आते है। एक बार जो यहाँ आ जाता है, वह इसको जीवन भर भूलता नही।

बेलूर

रामकृष्ण मिशन की स्थापना बेलूर मे हुई थी। यह स्थान पश्चिम के लोगो को भी भली भाँति ज्ञात है। यह हावडा से केवल ४ मील दूर उत्तर मे है। यहाँ एक बडा सुन्दर मदिर है। इसके बाहरी रूप ने बहुत से यात्रियो को मुग्ध कर दिया है।

श्रीरामपुर और चन्दननगर

थोडा और उत्तर की ओर आगे बढने पर श्रीरामपुर और चन्दननगर आते हैं। श्रीरामपुर दो बैपटिस्ट मिशनरियो—कैरी और मार्शमैन—का कार्यक्षेत्र रहा है। भारत के इस भाग में पश्चिमी शिक्षा और बाईबिल का प्रचार करने मे इन दोनो ने बहुत काम किया था। चन्दननगर कुछ दिन पहले तक फ्रासीसी बस्ती थी। इसके समीप ही चुचूडा, हुगली और बन्डेल है जहाँ कभी डेनिश, डच, फ्रासीसी और अग्रेज लोग लगभग समान शर्तों पर व्यापार किया करते थे। बाद मे अग्रेज अकेले रह गये। परन्तु हुगली मे डचो द्वारा बनाई गई इमारतें और बन्डेल में पुर्तगाली गिर्जा (१५९९ मे बना) आज भी

पर लाभदायक अवश्य है। भिन्न-भिन्न आकार की नावो से जूट की गाँठो का उतारा जाना बडा आकर्षक होता है। जूट उद्योग देश का एक बडा उद्योग है और डालर-अर्जन का यह सबसे बडा स्रोत है। लगभग सारा जूट देश के उत्तरपूर्वी भाग मे पैदा होता है। जूट उद्योग अब पुरानी मशीनो और पुराने सयत्रो की जगह नये सयत्र लगाने का विचार कर रहा है। कलकत्ता बन्दरगाह से निर्यात होने वाली अन्य चीजें हैं—चाय, कोयला, लाख और मैग्नीज।

बोटेनिकल गार्डन

हावडा के रेलवे-स्टेशन का जिक्र पहले ही किया जा चुका है। यहाँ से कुछ दर्शनीय स्थान नजदीक है। अत यहाँ से वहाँ जाना अच्छा है। बोटेनिकल गार्डन्स (वनस्पति शास्त्र सबधी उद्यान) की स्थापना १७८६ में शिवपुर में की गई थी। यह हावडा से २½ मील दूर है। वनस्पति शास्त्री यहाँ पहुँच कर निस्सदेह सबसे पहले 'हरबेरियम

बोटेनिकल बाग में बरगद का पेड

शान्तिनिकेतन

यह कलकत्ता से उत्तर-पश्चिम में लगभग १०० मील दूर है। कलकत्ता से बोलपुर—शान्तिनिकेतन के सबसे पास का स्टेशन—रेल द्वारा पहुँचने में चार घण्टे लगते हैं।

यहाँ पर कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय 'विश्व भारती' की स्थापना की थी। इसके पास ही महाकवि के पिता द्वारा स्थापित आश्रम है। विश्वविद्यालय का संचालन-भार अब केंद्रीय सरकार ने अपने ऊपर ले लिया है। किन्तु महाकवि का महान

दक्षिणेश्वर मन्दिर

वेलूर मदिर

मौजूद है और उसकी याद दिलाते है, जिसको टायनवी शायद 'रुद्ध साम्राज्यवाद' कहना पसन्द करे।

इमामवाडा और विष्णु-मदिर

हुगली स्थित इमामवाडा बहुत प्रभावशाली और सुन्दर मुस्लिम मकबरा है। वगाल के पच्चीकारी के काम मे यह एक सुन्दर वृद्धि है। वगाल के विविधमुखी जीवन को विभिन्न प्रकार के लोगो की सस्कृतियो और धर्मो ने वनाया है। उनमे इस इमामवाडे का भी एक स्थान है। हुगली मे वांसवेडिया मे ही विष्णु-मदिर है जो १६७९ का वना हुआ है। वगाल में हिन्दू शिल्प कला के जो थोडे-से उदाहरण वचे हुए है, उनमे से यह एक है।

शान्तिनिकेतन

यह कलकत्ता से उत्तर-पश्चिम में लगभग १०० मील दूर है। कलकत्ता से बोलपुर—शान्तिनिकेतन के सबसे पास का स्टेशन—रेल द्वारा पहुँचने में चार घण्टे लगते हैं।

यहाँ पर कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय 'विश्व भारती' की स्थापना की थी। इसके पास ही महाकवि के पिता द्वारा स्थापित आश्रम है। विश्वविद्यालय का संचालन-भार अब केंद्रीय सरकार ने अपने ऊपर ले लिया है। किन्तु महाकवि का महान

दक्षिणेश्वर मन्दिर

व्यक्तित्व यहाँ आज भी सर्वत्र व्याप्त है। आश्रम की परम्पराएँ पहले के समान आज भी कायम है। अन्य देशो की शिक्षा-प्रणालियो में जो अच्छी वाते हैं, उनको भी अपना लिया गया है। इसका अन्तर्राष्ट्रीय रूप विश्व-विद्यालय के केवल अध्यापको और छात्रो में ही नही दिखाई देता, वल्कि यह 'चीन भवन' सदृश इमारतो मे भी दृष्टिगोचर होता है। यहाँ देश-विदेश के छात्र और अध्यापक अव्ययन-अध्यापन और पठन-पाठन का काम करते है। महाकवि जिन तीन चार मकानो में रहते थे, वे अब भी यहाँ है। पढाई खुले आकाश के नीचे और नैसर्गिक सुषमा के मध्य होती है।

महाकवि के जीवन का प्रधान लक्ष्य था मानव-मानव के मध्य और मानव तथा प्रकृति के बीच एकरूपता स्थापित करना और यही शान्तिनिकेतन के कण-कण में व्याप्त है। यद्यपि यहाँ के विद्यार्थी भी दूसरो के समान परीक्षाएँ पास करते है, किन्तु यहाँ सगीत, नृत्य और चित्रकारी सदृश कलाओ पर ज्यादा जोर दिया जाता है। इसके पीछे भावना है छात्रो को इस वात के लिए अनुप्रेरित करने की कि वे सौन्दर्य को पहिचानें और उसको हृदयगम करें और उनमें अदृश्य के प्रति जिज्ञासा तथा उसको जानने के लिए उनके मन में व्यग्रता और आकुलता उत्पन्न हो।

निरीक्षक की तेज आँखो से यह वचा न रहेगा कि यह विश्वविद्यालय अनेक वातो में अनुपम है। शान्तिनिकेतन में जो एक-रूपता और सामञ्जस्य दिखाई देता है, उसके लिए केवल समन्वय की सज्ञा देना ही पर्याप्त नही है। कलकत्ते के चारो ओर जो असमानता और वेढगापन दिखाई देता है, उम पर यदि यहाँ शान्त चित्त मे विचार किया जाय तो उमका अर्थ स्पष्ट हो जायगा।

'यत्र विश्व भवत्येकनीडम्'—'जहाँ मसार एक घोसले के समान हो जाता है'—इस विश्वविद्यालय का 'मिद्धान्त' है। यह सस्था अपने मिद्धान्त के अनुरूप चल रही है।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर

सन्याल

महाकवि आदर्शवादी होने के साथ-साथ व्यावहारिक भी थे। शान्ति-निकेतन के पास ही 'श्रीनिकेतन' है। यहां गांव वाले सैकड़ों की संख्या में कुटीर उद्योगों में लगे हुए हैं। श्रीनिकेतन में बनाई और तैयार की गई चीजें सुन्दर होती हैं और यहां की याद को सदा ताजा बनाये रखने में समर्थ हैं। इनका दाम भी अधिक नहीं होता। उचित कीमत पर

शान्तिनिकेतन के श्रीनिकेतन में तैयार की गई कुटीर-उद्योग की वस्तुएँ

ये शान्तिनिकेतन और कलकत्ता मे खरीदी जा सकती है। श्रीनिकेतन मे काम करने वाले लोग दर्शक का ध्यान वरवस अपनी ओर खीचते है। यह तो स्पष्ट है कि ये वगाली नही है। इनका रग काला है, ये अधिक परिश्रमी है, इनकी आंखे चमकीली और काली है और ये लोग एक खास अदा और मस्ती के साथ चलते है। ये मन्थाल है। भारत के आदिवामी जातियो मे से यह एक जाति है। ये भारत के अनेक भागो मे पाये जाते है। जहाँ ये लोग रहते है, उसके आस-पाम के वातावरण के अनुरूप ही इनकी प्रकृति होती है। शान्तिनिकेतन के पास जो मन्थाल रहते है, उनमें कुछ मिलावट आ गई है और वे कुछ शहरी हो गए है। किन्तु इम विपमता मे भिन्न उनका सामुदायिक जीवन ममृद्ध है। इन पर नई सभ्यता का कोई प्रभाव नही पडा और ये पहले के ममान प्रसन्न और पवित्र है। सथालो के जीवन का चित्रण करने के लिए 'गोर्गां' की और उमके वारे मे लिखने के लिए 'लोति' की जरूरत है।

यात्री ध्यान मे देखे तो उमको यह अनुभव होगा कि नीचे की

